nt>
Title: Demand to suspend the State Government of Bihar and need to check the naxalite activities .

प्रो. रीता वर्मा (धनबाद) : अध्यक्ष महोदय, बिहार के गिरीडीह जिले में जो कि मेरे संसदीय क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, वहां के अटकाडीह गांव में नक्सलियों ने आज से कुछ दिन पहले दस लोगों की हत्या कर दी और १३ लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया था । इस पर बिहार सरकार ने कुछ नहीं किया, जिसका नतीजा यह है कि वहां दहशत की स्थिति बनी हुई है । वहां अभी भी नक्सली लोग डंके की चोट पर ऐलान कर रहे हैं कि यह तो हत्या का पहला ही अध्याय था । दूसरा अध्याय भी जल्दी ही करने वाले हैं, इसका भी ऐलान कर रहे हैं ।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER : Nothing will go on record.

(Interruptions)*

प्रो. रीता वर्मा : दूसरी तरफ ग्रामीण लोग बिल्कुल असुरक्षित वातावरण में आतंकित है और दूसरे लोग बदले की भावना से उबल रहे हैं । यदि ऐसी कोई गंभीर स्थिति हो जाए, दोनों तरफ से लोग गोलीबारी पर उतर आयें तो आप स्वयं कल्पना कर सकते हैं कि क्या स्थिति होगी । जिस तरह से नक्सली वहां पर एक के बाद एक खौफनाक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, वहां सरकारी तंत्र बिल्कुल फेल हो गया है । पहले ऐसी चर्चा थी कि वहां के नक्सली दो साल पहले आंध्र प्रदेश के तेलंगाना में खूनी ट्रेनिंग लेने के लिए गये थे और वे वहां से ट्रेनिंग लेकर आये हैं और एक के बाद एक जनसंहार को अंजाम दे रहे हैं ।

....(व्यवधान)

MR. SPEAKER : Nothing will go on record.

(Interruptions)*

12.18 hrs.

At this stage Shri Surendra Prasad Yadav (Jhanjhar Pur) and some other hon'ble Members came and stood near the table of the House.

प्रो. रीता वर्मा : दूसरी तरफ बिहार सरकार कान में तेल डालकर बैठी हुई है और लोगों को राहत देने के लिए कोई काम नहीं कर रही है । लोगों की सुरक्षा के लिए वहां जो पुलिस तैनात हैं वह भी बेहद लाचार और बौनी साबित हो रही है

...(व्यवधान)

वह लोगों की सुरक्षा नहीं कर सकती, वह नक्सलियों के आगे खुद दहशत में है । लोगों को मालूम है कि नक्सली आतंक के आगे खुद दहशत में है । लोगों को मालूम है कि नक्सली आतंक के आगे पुलिस उनकी रक्षा नहीं कर सकती । वास्तव में मध्य और दक्षिण बिहार में धनबाद जिले के टुंडी और गिरीडीह जिले के पीरटांड में

---

* Not Recorded.

उग्रवादियों की समानान्तर सरकार चल रही है । लेकिन पटना की राबड़ी सरकार, सामाजिक न्याय वाली सरकार इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है, वहां बिल्कुल जंगल राज चल रहा है । हाई कोर्ट का भी यही कहना है कि वहां जंगल राज चल रहा है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे अपील करूंगी कि इस सरकार को बर्खास्त किया जाए और वास्तव में एक अच्छा शासन देने के लिए राज्य अविलम्ब राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए । वरना वहां लोग दहशत में रहेंगे और एक और बड़े नरसंहार की आशंका बनी रहेगी ।